**ऐसे छात्र जिन्होंने स्नातक पाठ्यक्रम में पाँच वर्ष पूर्ण कर लिये हैं वे इस परीक्षा में परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु पात्रता नहीं रखते हैं। महाविद्यालय ऐसे किसी भी छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित कर विश्वविद्यालय की ओर ना भेजें।**

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा-2/गोप0/2017/610 दिनांक : 26/05/2017

## // संशोधित अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **स्नातक - बी.ए./बी.कॉम. एवं बी.एससी. द्वितीय सेमेस्टर (असंस्थागत नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के.टी. छात्र-एकल प्रश्न-पत्र प्रणाली एवं असंस्थागत ए.टी.के.टी. पुराना पाठ्यक्रम - एकल प्रश्नपत्र प्रणाली) परीक्षा जून 2017** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की संशोधित तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:-

| विवरण | परीक्षा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| | तिथि एवं शुल्क विवरण | बी.ए. | बी.कॉम. | बी.एससी. |
| परीक्षा आवेदन-पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | तिथि | 02.06.2017 | 02.06.2017 | 02.06.2017 |
| | असंस्थागत नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क | 1150/- | 1150/- | 1650/- |
| | असंस्थागत भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क | 1450/- | 1450/- | 1950/- |
| | असंस्थागत ए.टी.के.टी. छात्र का परीक्षा शुल्क | 550/- | 550/- | 550/- |
| परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/- के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 05.06.2017 | 05.06.2017 | 05.06.2017 |
| एम0पी0आनलाईन की जी2जी आईडी से परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के पश्चात् परीक्षा आवदेन पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | 08.06.2017 | | | |
| परीक्षा आवेदन-पत्र विशेष विलम्ब शुल्क रूपये 2000/- के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | परीक्षा प्रारम्भ होने के 03 दिवस पूर्व तक | | |
| परीक्षाा आवदेन पत्र रू. 2000/- विशेष विलम्ब शुल्क के साथ महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | तिथि | परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 दिवस पूर्व तक। | | |

**नोटः- उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क नियमित परीक्षार्थी 60/- रू. भूतपूर्व परीक्षार्थी 80/- रू. एवं परीक्षा संचालन शुल्क तथा अग्रेषण शुल्क 160/- रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है। यह राशि परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी तथा अग्रेषण शुल्क की राशि 40/- रू. प्रति छात्र महाविद्यालय में जमा करायी जावेगी।**

*** ऐसे परीक्षार्थी, जिन्होंने बी.ए. की कक्षाओं में प्रायोगिक विषय लिया है, ऐसे छात्र-छात्राओं को प्रायोगिक शुल्क के रूप में 400/- की अतिरिक्त राशि जमा करनी होगी।**

विशेष नोट :- सत्र 2014-15 से पूर्व प्रवेशित ए.टी.के.टी. पुराना पाठ्यक्रम - एकल प्रश्न पत्र प्रणाली के परीक्षार्थियों को यह अवगत कराया जाता है कि उन्हें सत्र 2014-15 के बाद प्रभावी पाठ्यक्रम के अनुसार अपने ए.टी.के.टी. विषय की परीक्षा देनी होगी अर्थात वर्तमान में द्वितीय सेमेस्टर के नियमित पाठ्यक्रम के अनुसार ही परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

**ऐसे छात्र जिन्होंने स्नातक पाठ्यक्रम में पाँच वर्ष पूर्ण कर लिये हैं वे इस परीक्षा में परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु पात्रता नहीं रखते हैं। महाविद्यालय ऐसे किसी भी छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित कर विश्वविद्यालय की ओर ना भेजें।**

# भूतपूर्व एवं ए.टी.के.टी. छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष दिशा निर्देश

ए.टी.के.टी. एवं भूतपूर्व छात्रगण जिनके परीक्षा आवदेन पत्र ऑनलाईन प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं, वह छात्रगण सर्वप्रथम महाविद्यालय जाकर परीक्षा आवदेन पत्र भरने हेतु महाविद्यालय के कम्प्यूटर प्रभारी से सम्पर्क करें। जिन्हें महाविद्यालय की जी02जी आईडी पर **Result Data Updation Link** उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके द्वारा महाविद्यालय के सभी भूतपूर्व एवं ए.टी.के.टी. छात्रों की अंकसूची जॉचोपरांत **Result Insert (Dec-2016 Session)** किया जावेगा। इसके उपरांत छात्रगण कियोस्क सेंटर पर जाकर Registration करायें।

इस हेतु रजिस्ट्रेशन **लिंक (Ex/ATKT Registration Form For 4th Sem.)** इस नाम से दर्शायी जा रही है। के द्वारा Registration किया जावेगा। इसके पश्चात् भूतपूर्व छात्र **Exam From Link** के द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एम0पी0ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होने लगेगें। Registration के बाद Registration Form प्राप्त कर कियोस्क जाकर एम0पी0 ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा कर परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त करें।

महाविद्यालय को सूचित किया जाताा है कि **Result Insert** करते समय सम्पूर्ण अंकसूचियॉं एवं छात्र सम्बंधी समस्त जानकारी जॉच के उपरांत ही **Result Insert** किया जावे। जानकारी गलत अंकित किए जाने पर महाविद्यालय के प्राचार्य स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**परीक्षा नियंत्रक,**

**प्रतिलिपि :-**

1. संपादक महोदय, दैनिक ................................................................ की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विष्वविद्यालय, ग्वालियर

**उप/सहायक-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)**